कृषि निदेशालय, उत्तर प्रदेश
कृषि भवन, लखनऊ

प्रेस–विज्ञप्ति

कृषि विभाग में अधीनस्थ कृषि सेवा (वर्ग–3) प्राविधिक सहायक ग्रुप–सी के पद पर उ0प्र0 अधीनस्थ सेवा चयन आयोग, लखनऊ से वर्ष 2021 में नवचयनित अभ्यर्थियों की नियुक्ति के सम्बन्ध में सूचनाः–

उ0प्र0 अधीनस्थ सेवा चयन आयोग, लखनऊ से कृषि विभाग में विज्ञापन संख्या–03–परीक्षा/2018, अधीनस्थ कृषि सेवा (वर्ग–3) प्राविधिक सहायक ग्रुप–सी (सामान्य चयन) प्रतियोगात्मक परीक्षा, 2018 का विज्ञापन प्रकाशित किया गया था, जिसमें अन्तिम चयन के उपरान्त आयोग द्वारा सफल अभ्यर्थियों का परिणाम दिनांक 19–06–2021 को आयोग ने अपनी वेबसाइट पर अपलोड किया, जिसकी संस्तुति विभाग को प्राप्त हुई है।

अन्तिम चयनित समस्त अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि नियुक्ति प्रक्रिया हेतु विभागीय पोर्टल https://agriposting.upsdc.gov.in दिनांक 20–09–2021 से उपलब्ध रहेगा। अभ्यर्थी पोर्टल के माध्यम से जनपद आवंटन की समस्त प्रक्रिया पूर्ण करना सुनिश्चित करेंगे। समस्त अभ्यर्थी नियुक्ति प्रक्रिया से सम्बन्धित दिशा निर्देशों एवं महत्वपूर्ण तिथियों के लिये कृषि विभाग की वेबसाइट www.upagriculture.com का निरन्तर अवलोकन करते रहे।

(विवेक कुमार सिंह)
कृषि निदेशक,
उत्तर प्रदेश।